23.04.2025 आकाशवाणी जयपुर–अजमेर 1830 पीएम

प्रादेशिक समाचार

○ रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेन्स नीति–पहलगाम हमलावरों को बख्शा नहीं जाएगा।

○ आतंकी हमले की दुनियाभर में कड़ी निन्दा–प्रदेश में भी लोगों ने विरोध प्रदर्शन कर आक्रोश जताया।

○ हरियालो राजस्थान अभियान के तहत प्रदेश में इस वित्तीय वर्ष में 10 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य।

○ राज्य में कल से तापमान में बढ़ोतरी के आसार–जैसलमेर, बाड़मेर और झुन्झुनू में हीटवेव का अलर्ट।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में पहलगाम आतंकी हमले की समीक्षा के लिए उच्च स्तरीय बैठक हो रही है। प्रधानमंत्री आवास पर हो रही इस बैठक में गृहमंत्री अमित शाह, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह और विदेश मंत्री एस. जयशंकर भी शामिल हैं। केन्द्रीय कैबिनेट की सुरक्षा समिति की इस बैठक में पहलगाम आतंकी हमले की जवाबी रणनीति पर चर्चा की जा रही है। गौरतलब है कि कल हुए हमले में 2 स्थानीय लोगों सहित 26 पर्यटक मारे गये। पुलिस और खुफिया एजेन्सियों ने तीन हमलावरों के स्कैच जारी किये हैं। हमले में मारे गये लोगों के परिजनों को जम्मू कश्मीर सरकार की ओर से 10–10 लाख रूपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की गई है।

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने आज तीनों सेनाओं के शीर्ष अधिकारियों के साथ कश्मीर घाटी में सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की जानकारी ली। रक्षामंत्री ने कहा कि घटना के लिए जिम्मेदार लोगों को बख्शा नहीं जाएगा। भारत एक विशाल देश है इसे किसी भी कीमत पर डराया नहीं जा सकता।

..................

गृहमंत्री अमित शाह ने इससे पहले जम्मू कश्मीर के पहलगाम में बेसरन क्षेत्र में घटनास्थल का दौरा किया। उन्होंने अनन्तनाग अस्पताल में घायलों से भी मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित कई राजनीतिक दलों के प्रमुख नेताओं ने इस आतंकी हमले की कडी भर्त्सना की है। अन्तर्राष्ट्रीय जगत में भी इस बर्बरतापूर्ण हमले की कड़ी निन्दा की जा रही है।

प्रदेशभर में विभिन्न स्थानों पर पहलगाम आतंकी हमले के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया गया।

..................

पहलगाम हमले के बाद प्रदेश से लगती अन्तर्राष्ट्रीय सीमा पर अलर्ट जारी किया गया है। सीमावर्ती थानों में हथियारबंद जवान तैनात किये गये हैं। किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पुलिस को अलर्ट मोड पर रखा गया है। आतंकी हमले के कारण आज श्रीनगर से दिल्ली और मुंबई के लिए चार विशेष उड़ानों की व्यवस्था की गई है। जरूरत पड़ने पर पर्यटकों के लिए अतिरिक्त उड़ानों को भी स्टैंडबाय पर रखा गया है। नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू ने सभी एयरलाइनों को नियमित किराया स्तर बनाए रखने का निर्देश दिया गया है, जिससे इस संवेदनशील समय में किसी भी यात्री पर बोझ नहीं पड़े। वहीं उत्तर रेलवे भी घटना के मद्देनजर वैष्णव देवी–कटरा से नई दिल्ली के लिए आज रात विशेष रेलगाड़ी चलाएगा।

000

अमेरिका के उपराष्ट्रपति जे.डी. वैंस आज जयपुर से आगरा पहुंचे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनकी अगवानी की। उन्होंने परिवार सहित ताजमहल का भ्रमण किया। इसके बाद वे दोपहर में वापस जयपुर लौट आये। श्री वैंस का कल सुबह जयपुर से प्रस्थान कर अमेरिका लौटने का कार्यक्रम है।

000

भीलवाड़ा में आज 51 दिव्यांगों को स्कूटी वितरित की गई। विधायक अशोक कोठारी ने स्कूटी वितरण किया। इस दौरान श्री कोठारी ने दिव्यांगों को कौशल विकास के माध्यम से आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि आज दिव्यांग सशक्त होकर हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहे हैं।

000

अक्षय तृतीया और पीपल पूर्णिमा के अवसर पर प्रदेश में संभावित बाल–विवाह की आशंका के मद्दे नजर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। बाल विवाह रोकने के लिए विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम हो रहे हैं जिनके माध्यम से बाल–विवाह अधिनियम की जानकारी दी जा रही है। जिलों में बाल–विवाह रोकथाम के लिए कन्ट्रोल रूम भी स्थापित किये जा रहे हैं। चित्तौडगढ़ ज़िला कलेक्टर आलोक रंजन ने जिले में चल रहे बाल विवाह मुक्त भारत अभियान को सफल बनाने के लिए आज पोस्टर का विमोचन किया। उधर झालावाड़ में केन्द्रीय संचार ब्यूरो कोटा की ओर से जागरूकता कार्यक्रम रखा गया। वहीं जयपुर में उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी कल बाल–विवाह मुक्त राजस्थान अभियान का शुभारंभ करेंगी। इस अवसर पर बाल अधिकारिता विभाग की ओर से राज्य स्तरीय कार्यशाला भी रखी गई है।

000

हरियालो राजस्थान अभियान के तहत प्रदेश में इस वित्तीय वर्ष में 10 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। वन, पर्यावरण और जलवायु विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव अपर्णा अरोड़ा ने पौधा रोपण की तैयारियों को लेकर आज जयपुर में बैठक ली। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को इसके लिए आवश्यक तैयारियां समय पर पूरी करने के निर्देश दिये। श्रीमती अरोड़ा ने कहा कि लगाये गये हर पौधे की जिओ टेगिंग हरियालो राजस्थान मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से की जाएगी। जिससे उसकी समुचित निगरानी और सुरक्षा हो सकेगी। उन्होंने कहा कि इस पौध रोपण अभियान को नवाचार और तकनीक के साथ जन आन्दोलन बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि औद्योगिक क्षेत्रों के आसपास, विद्यालयों, अस्पतालों तथा नगरीय क्षेत्रों में वृक्षा रोपण को प्राथमिकता दी जाएगी। साथ ही क्षेत्रीय अनुकूलता को ध्यान में रखते हुए पौधों का चयन किया जाएगा।

000

राष्ट्रीय पोषण पखवाड़े में राजस्थान देश में पहले स्थान पर रहा है। पखवाड़े का आयोजन 8 से 22 अप्रैल तक किया गया। इस दौरान विभिन्न जागरूकता गतिविधियां रखी गई। महिला और बाल विकास विभाग के शासन सचिव महेन्द्र सोनी ने बताया कि पोषण पखवाडे में राज्य के 15 जिले लक्ष्य से आगे रहे। टोंक जिले के पीपलू उपखण्ड के आंगनबाड़ी केन्द्रों में किये गये गुणात्मक सुधारों की राष्ट्रीय स्तर पर सराहना की गई।

टोंक जिला कलेक्टर सौम्या झा ने बताया कि आंगनबाड़ी केन्द्रों में शत–प्रतिशत दक्षता सुधार उपलब्धि हासिल करने में करीब 2 साल का समय लगा।

000

राज्य में कल से एक बार फिर तापमान में बढ़ोतरी के आसार हैं। कई हिस्सों में दिन का पारा बढ़ने और लू चलने की संभावना है। मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि कल जैसलमेर, बाड़मेर और झुन्झुनू जिलों में हीटवेव को लेकर अलर्ट जारी किया गया है। 25 अप्रैल को सीकर सहित 7 जिलों में लू को लेकर अलर्ट है। वहीं 26 अप्रैल से 19 जिलों में लू की संभावना है। इस बीच बीते चौबीस घंटों में

16 जिलों में दिन का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर मापा गया। वहीं कोटा में 42 दशमलव 3 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान रहा। चित्तौडगढ, बाड़मेर और श्रीगंगानगर में भी अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस से उपर दर्ज हुआ। सरहदी जिले बाड़मेर में तेज गर्मी का दौर जारी है। हमारे संवाददाता ने बताया कि आमजन और पशुधन को गर्मी से राहत दिलाने के लिए प्रशासन की ओर से कई कदम उठाये जा रहे हैं।

000

आज विश्व पुस्तक और कॉपीराईट दिवस है। लोगों में पढ़ने की अलख जगाने और उन्हें पुस्तकों के महत्व से रू–ब–रू कराने के लिए पूरी दुनिया में ये दिन मनाया जाता है। पुस्तकों का हमारे जीवन से गहरा नाता होता है। इनसे हमें विविध विषयों की प्रमाणिक जानकारी मिलती है। पुस्तक दिवस के अवसर पर प्रदेश में विभिन्न कार्यक्रम रखे गये इसी कड़ी में झुन्झुनू के सार्वजनिक जिला पुस्तकालय में प्रदर्शनी लगायी गई। इस मौके पर ज्यादा से ज्यादा बच्चों और महिलाओं को पुस्तकों से जोड़ने का आह्वान किया गया। उधर जोबनेर में कृषि विश्वविद्यालय में भी इस मौके पर पुस्तक प्रदर्शनी, प्रशनोत्तरी, वाचन और संवाद सत्र सहित कई गतिविधियां रखी गई जिनमें छात्र–छात्राओं ने उत्साह के साथ भाग लिया।

000

आई.पी.एल. क्रिकेट में आज हैदराबाद में सनराइजर्स हैदराबाद का मुकाबला मुंबई इंडियंस से होगा। यह मैच शाम साढ़े सात बजे से खेला जाएगा। कल दिल्ली कैपिटल्स ने लखनऊ सुपर जायंट्स को आठ विकेट से हराया था।

000